**आकाशवाणी शिमला**

**23.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9.20 बजे**

**प्याज निर्यात**

केंद्र ने पहली अप्रैल से प्याज निर्यात पर 20 प्रतिशत शुल्क वापस लेने का निर्णय लिया है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अनुसार, इससे किसानों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित होगा और उपभोक्ताओं के लिए प्याज की उपलब्धता बनी रहेगी। मंत्रालय ने कहा कि रबी फसलों के अधिक उत्पादन की संभावना के बाद थोक और खुदरा कीमतों में कमी आई है। अनुमान के अनुसार, रबी मौसम में प्याज सहित अन्य फसलों के अधिक उत्पादन से आने वाले महीनों में बाजार मूल्यों में और गिरावट आने की संभावना है।

....

**उप–मुख्यमंत्री वक्तव्य**

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्रिहोत्री ने पंजाब में हिमाचल प्रदेश की बसों को नुकसान पहुंचाए जाने पर कल एक विशेष वक्तव्य देते हुए कहा कि इस समय पड़ोसी राज्य से प्रदेश की 6 सौ बसें विभिन्न रुटों पर चलती है। ऐसे में एच.आर.टी.सी. की बसों को निशाना बनाए जाने से प्रदेश सरकार को कोई निर्णय लेना पड़ेगा। उपमुख्यमंत्री कहा कि अमृतसर में शुक्रवार रात परिवहन निगम की खड़ी 4 बसों को नुकसान पहुंचाने के अलावा विवादित पोस्टर भी लगाए गए हैं। इस संबंध में पुलिस में एफ.आई.आर. भी दर्ज की गई है। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री व डी.जी.पी. स्तर पर बातचीत करने के बावजूद स्थिति सामान्य नहीं हो पाई है। बाद में पत्रकारों से बातचीत में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने पंजाब में बसों का रात्रि ठहराव न करने का फैसला लिया है।

....

**उच्च न्यायालय**

चीफ इंजीनियर विमल नेगी की मौत के मामले में हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटिड के निलंबित निदेशक देशराज को प्रदेश उच्च न्यायालय ने अंतरिम जमानत नहीं दी है। न्यायाधीश वीरेंद्र सिंह की अदालत ने पुलिस को इस मामले में स्टेटस रिपोर्ट दायर करने को कहा है। अगली सुनवाई कल 24 मार्च को होगी।

....

**चैहणी सुरंग**

सामरिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण चंबा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी को जोड़ने वाली चैहणी सुरंग निर्माण का मामला एक बार फिर से केंद्र सरकार के समक्ष प्रमुखता से उठाया गया है। राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने संसद सत्र में इस मामले को उजागर कर इस पर कार्यवाही की मांग की है। सांसद ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से भी मुलाकात कर पांगी के चैहणी जोत में सुंरग बनाने की वकालत की है। केंद्रीय मंत्री ने इस दिशा में जल्द डी.पी.आर. बनाने का आश्वासन दिया है। पांगी कल्याण संघ के अध्यक्ष भगत बड़ोत्रा ने इस मुद्दे को उठाने के लिए क्षेत्र के लोगों की तरफ से सांसद डा. सिकंदर कुमार का आभार व्यक्त किया है।

....

**शहीद दिवस**

राष्ट्र आज भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के तीन वीर क्रांतिकारियों–शहीद–ए–आजम भगत सिंह, शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर को श्रद्धांजलि दे रहा है। देश के इन तीन वीर सपूतों को वर्ष 1931 में आज ही के दिन लाहौर के केंद्रीय कारागार में फांसी दी गई थी। इन बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों को 17 दिसंबर 1928 को लाहौर में ब्रिटिश पुलिस अधिकारी जे.पी. सॉन्डर्स की हत्या के आरोप में मौत की सजा सुनाई गई थी।

....

**संगोष्ठी**

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कल डॉ. मनमोहन सिंह, हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान में तीन दिवसीय संगोष्ठी श्रृंखला के शुभारम्भ किया। विचार मंथन 'समृद्ध हिमाचल 2045' के अवसर पर आयोजित इस संगोष्ठी श्रृंखला के माध्यम से हिमाचल प्रदेश के सतत् आर्थिक विकास के लिए 20 वर्षीय योजना तैयार करने पर विचार विर्मश किया गया। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी यह जानती थीं कि हिमाचल प्रदेश एक छोटा पहाड़ी क्षेत्र है और कठिन भौगोलिक परिस्थितियां होने के कारण इस राज्य को अर्थिक तौर पर आत्मनिर्भर बनने में भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

....

**जागरूकता अभियान**

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आयोजित मोबाइल वैन जागरूकता अभियान जिला कुल्लू में विभिन्न स्थानों पर संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को भूकंप, भूस्खलन, बाढ़, अग्निकांड व अन्य आपदाओं से बचाव और तैयारी के बारे में जागरूक करना है। इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं सांय 3 बजे। नमस्कार